**136** **329(FS)**

# 2022
# अर्थशास्त्र
## (Economics)

**मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16** **पूर्णांक : 100**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न संख्या 11 से 18 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या 19 से 24 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 25 से 27 तक विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Numbers 1 to 10 are Multiple Choice Type, for which only correct answer should be written in the answer-book. Question Numbers 11 to 18 are Very Short Answer Type, which are to be answered in about 50 words each, Question Numbers 19 to 24 are Short Answer Type, which are to be answered in about 150 words each and Question Numbers 25 to 27 are Long Answer Type, which are to be answered in about 300 words each.

(iii) Allotted marks of all the questions are given against them.

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :**

1. नियामक अर्थशास्त्र सम्बन्धित है : **1**

(अ) अर्थशास्त्रियों की राय से

(ब) क्या होना चाहिये से

(स) (अ) और (ब) दोनों से

(द) इनमें से कोई नहीं

2. किसी वस्तु की A उपभोक्ता द्वारा माँग 10 इकाइयों की और B उपभोक्ता द्वारा 20 इकाइयों की है, तो बाजार माँग होगी : **1**

(अ) 30

(ब) 2

(स) 200

(द) इनमें से कोई नहीं

3. पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत होता है : **1**

(अ) $AR = MR$

(ब) $AR > MR$

(स) $AR < MR$

(द) इनमें से कोई नहीं

4. जब उत्पादन शून्य होता है तो कुल लागत होगी : **1**

(अ) शून्य

(ब) स्थिर लागत के बराबर

(स) परिवर्ती लागतों के बराबर

(द) सीमान्त लागत के बराबर

5. मजदूरी होती है : **1**

(अ) स्पष्ट लागत

(ब) अस्पष्ट लागत

(स) अवसर लागत

(द) इनमें से कोई नहीं

6. बचत रेखा की ढाल (S) प्रदर्शित की जाती है : **1**

(अ) MDC द्वारा

(ब) MDS द्वारा

(स) 1-MDC द्वारा

(द) (ब) और (स) दोनों

7. शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP) = **1**

(अ) GDP - मूल्य ह्रास

(ब) GDP + मूल्य ह्रास

(स) GNP - मूल्य ह्रास

(द) GNP + मूल्य ह्रास

8. भारत में वर्तमान में आयकर की अधिकतम दर है : **1**

(अ) 10%

(ब) 20%

(स) 30%

(द) 40%

9. मुद्रा स्फीति को रोकने हेतु रेपो रेट : **1**

(अ) बढ़ायी जाती है

(ब) घटाई जाती है

(स) स्थिर रखी जाती है

(द) मुद्रा स्फीति को प्रभावित नहीं करती

10. निम्नलिखित में से कौन रिज़र्व बैंक ऑफ इन्डिया का कार्य नहीं है ? **1**

(अ) अंतिम ऋणदाता

(ब) साख का नियंत्रण

(स) नोटों का निर्गमन

(द) साख-सृजन

## (Multiple Choice Type Questions)

**Write the correct answers of the following questions in your answer-book :**

1. Normative economics deals with : **1**

   (a) opinions of economists

   (b) what ought to be

   (c) both (a) and (b)

   (d) none of these

2. Demand of a good by Consumer-A is 10 units and by Consumer-B 20 units. Then market demand will be : **1**

   (a) 30

   (b) 2

   (c) 200

   (d) none of these

3. In perfect competition, there is : **1**

   (a) $AR = MR$

   (b) $AR > MR$

   (c) $AR < MR$

   (d) None of these

4. When production is zero, total cost will be : **1**

   (a) zero

   (b) equal to fixed cost

   (c) equal to variable costs

   (d) equal to marginal cost

5. Wages are : **1**

   (a) explicit cost

   (b) implicit cost

(c) opportunity cost

(d) none of these

6. Slope of savings line (S) is shown by : **1**

(a) MDC

(b) MDS

(c) 1-MDC

(d) both (b) and (c)

7. Net Domestic Product (NDP) = **1**

(a) GDP - Depreciation

(b) GDP + Depreciation

(c) GNP - Depreciation

(d) GNP + Depreciation

8. Maximum rate of income tax in India, at present is : **1**

(a) 10%

(b) 20%

(c) 30%

(d) 40%

9. For controlling inflation Repo Rate : **1**

(a) is increased

(b) is decreased

(c) is kept constant

(d) does not affect inflation

10. Which of the following is not a function of Reserve Bank of India ? **1**

(a) Bank of last resort

(b) Control of credit

(c) Issuing of notes

(d) Credit creation

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)
## (Very Short Answer Type Questions)

11. सूक्ष्म अर्थशास्त्र क्या है ? **3**

*What is micro-economics?* **3**

12. 'माँग' से आप क्या समझते हैं ? **3**

*What do you understand by 'demand'?* **3**

13. स्थानापन्न वस्तुयें क्या होती हैं ? **3**

*What are substitute goods?* **3**

14. बजट सेट से आप क्या समझते हैं ? **3**

*What do you understand by budget set?* **3**

15. भुगतान संतुलन क्या है ? **3**

*What is balance of payments?* **3**

16. बैंक दर को परिभाषित कीजिए। **3**

*Define bank rate.* **3**

17. प्राकृतिक बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं ? **3**

*What do you understand by natural unemployment?* **3**

18. सरकारी बजट के किन्हीं तीन प्रमुख उद्देश्यों को लिखिये। **1+1+1**

*Write any three major objectives of government budget.* **1+1+1**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)
## (Short Answer Type Questions)

19. यदि किसी वस्तु की प्रति इकाई कीमत 10 रु० से घटकर 9 रु० हो जाती है जिसके फलस्वरूप उसकी माँग बढ़कर 100 से बढ़कर 110 इकाई हो जाती है, तो ऐसी स्थिति में माँग की लोच ज्ञात कीजिए। **6**

*If the price of a commodity reduces from Rs. 10 to Rs. 9 and as a result its demand increases from 100 units to 110 units, in such a case, calculate elasticity of demand.* **6**

20. भुगतान संतुलन और व्यापार-संतुलन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **6**

*Differentiate between balance of payment and balance of trade.* **6**

21. कीमत तल क्या है ? एक चित्र द्वारा इसकी व्याख्या कीजिए। **2+4**

*What is price floor? Explain it with the help of a diagram.* **2+4**

22. निम्न समंकों से राष्ट्रीय आय ज्ञात कीजिए : **6**

| | |
|---|---|
| मजदूरी | रु० 8,000 |
| वेतन | रु० 5,000 |
| ब्याज | रु० 1,000 |
| किराया | रु० 4,000 |
| लाभ | रु० 2,000 |

*Calculate National Income from the following data:* **6**

| | |
|---|---|
| Wages | = Rs. 8,000 |
| Salary | = Rs. 5,000 |
| Interest | = Rs. 1,000 |
| Rent | = Rs. 4,000 |
| Profit | = Rs. 2,000 |

23. मुद्रा की पूर्ति का $M_1$ मापन क्या है ? **6**

*What is $M_1$ measurement of money supply?* **6**

24. भारत सरकार के गैर-कर आय स्रोतों पर प्रकाश डालिये। **6**

*Throw light on the non-tax revenue sources of Government of India.* **6**

## (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)
## (Long Answer Type Questions)

25. उदासीन वक्रों की सहायता से उपभोक्ता संतुलन को समझाइये। **10**

**अथवा / OR**

सिद्ध कीजिए कि किसी वस्तु की कीमत तथा उसकी मांगी गयी मात्रा में विपरीत सम्बन्ध होता है। आरेख का प्रयोग कीजिए। **10**

*Explain consumer's equilibrium with the help of indifference curve.*

*OR*

*Prove that there is an opposite relationship between the price of a commodity and its quantity demanded. Use diagram.*

26. स्थिर लागतें, परिवर्ती लागतें तथा कुल लागतें क्या होती हैं ? एक तालिका और चित्र द्वारा इन्हें समझाइये। **6+4**

**अथवा / OR**

उत्पादन की परिभाषा लिखिए। अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन उत्पादन में अंतर कीजिए। **10**

*What are fixed costs, variable costs and total costs? Explain them with the help of a table and diagram.*

*OR*

*Write the definition of production. Differentiate between short-run and long-run production.*

27. राष्ट्रीय आय को मापने की उत्पादन विधि की विवेचना कीजिए। **10**

**अथवा / OR**

पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत कीमत निर्धारण किस प्रकार होता है ? समझाइये। **10**

*Discuss the production method of measuring the National Income.*

*OR*

*How is price determined under perfect competition ? Explain.*